Dainik Jagran Date 10.06.2023

2900 छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित छात्राओं के आत्मरक्षा कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण देती महिला पुलिसकर्मी ● सौजन्य : दिल्ली पुलिस

जासं, नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस की महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के पांच स्कूलों में छात्राओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें 2900 छात्राओं को आत्मरक्षा को प्रशिक्षण दिया गया। डीसीपी राजीव कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में गोल मार्केट स्थित केंद्रीय विद्यालय, बख्तावरपुर के छोटू राम पब्लिक स्कूल, द्वारका सेक्टर-19 के शांति ज्ञान निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सर्वप्रिय विहार के लक्ष्मण पब्लिक स्कूल और दिलशाद गार्डन के समर्थ स्कूल की छात्राएं शामिल हुई हैं। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक और लैंगिक संवेदीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विशेष पुलिस आयुक्त एसके गौतम समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी शामिल हुए। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2002 में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू किया गया था। इसमें असामाजिक तत्वों के हमलों, चेन या बैग छीनने, आपराधिक हमले आदि से खुद को बचाने के प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके तहत 5,06,515 से अधिक लड़कियों और महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।